पंचायती राज

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

पुरस्कृत पंचायतों के उत्कृष्ट प्रयास

2023

सशक्त पंचायत सतत विकास

प्रस्तावना

भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) 2030 एजेंडा की हस्ताक्षरकर्ता है और इसे प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। 31.65 निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ लगभग 2.6 लाख ग्राम पंचायतें इस एजेंडा को प्राप्त करने के लिए प्रमुख हितधारक हैं, जिसके लिए यह अनिवार्य है कि वे 'ग्राम पंचायत विकास योजना' का नियोजन और इसका कार्यान्वयन संतृप्ति (सैचूरेशन)-सह-चरणबद्ध तरीके से करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए 'सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण' (एलएसडीजी) विषयगत दृष्टिकोण को अपनाएं।

इस दृष्टिकोण के तहत, पंचायती राज मंत्रालय ने 17 एसडीजी को 9 एलएसडीजी विषयों में एकत्रित किया है और तदनुसार, निम्नलिखित 9 पुरस्कार विषय के तहत राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों को नया रूप दिया है:

1. गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका पंचायत
2. स्वस्थ पंचायत
3. बाल हितैषी पंचायत
4. जल पर्याप्त पंचायत
5. स्वच्छ और हरित पंचायत
6. आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत
7. सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत
8. सुशासित पंचायत
9. महिला हितैषी पंचायत

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार, जो पंचायतों के लिए प्रेरणा का एक मज़बूत स्रोत है, प्रायः 24 अप्रैल को मनाये जाने वाले राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर दिये जाते हैं। यह दिन संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 का स्मरण कराता है, जो वर्ष 1993 में लागू हुआ और जिसके द्वारा पंचायतों को स्थानीय स्वशासन की संस्था के रूप में संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ ।

यह एक अभूतपूर्व मील का पत्थर साबित हुआ है कि 2.6 लाख ग्राम पंचायतों/समकक्ष निकायों में से लगभग 2.41 लाख ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 के तहत सफलतापूर्वक भाग (अतिरिक्त लगभग 6 लाख पंचायतों ने भी भाग लिया लेकिन सफलतापूर्वक आवेदन जमा नहीं कर सकी)। यह उपलब्धि राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र और पंचायतों के उल्लेखनीय और एकीकृत प्रयासों और उनमें एलएसडीजी के बारे में जागरूकता को दर्शाती है। यह एक आकांक्षा पैदा करता है कि देश एक विषयगत दृष्टिकोण द्वारा ग्रामीण स्थानीय निकायों के माध्यम से एसडीजी के 2030 एजेंडा को प्राप्त करने की सही रह पर अग्रसित है ।

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 के तहत निम्नलिखित श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए हैं:

- दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार: यह पुरस्कार उपर्युक्त 9 पुरस्कार विषयों में से प्रत्येक के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शीर्ष 3 जीपी / समकक्ष निकायों के लिए है। इस वर्ष, इस श्रेणी के तहत कुल 27 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 के लिए कुल 42 पंचायतों (36 ग्राम पंचायत, 3 ब्लॉक पंचायत और 3 जिला पंचायत) का चयन किया गया है।

- नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार: यह पुरस्कार सभी 9 पुरस्कार विषयों के तहत प्रत्येक शीर्ष 3 ग्राम, ब्लॉक और जिला पंचायतों को उनके समग्र प्रदर्शन के लिए है। इस वर्ष, इस श्रेणी के तहत कुल 9 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

- इस वर्ष (2023) प्रदान किए गए विशेष श्रेणी पुरस्कार:

  (क) ग्राम ऊर्जा स्वराज विशेष पंचायत पुरस्कार शीर्ष 3 ग्राम पंचायतों/समकक्ष निकायों को ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों को अपनाने और उपयोग करने में उनके प्रदर्शन के लिए है। इस वर्ष, इस श्रेणी के तहत कुल 3 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

  (ख)कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार शीर्ष 3 ग्राम पंचायतों/ समकक्ष निकायों को नेट-शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने की दिशा में उनके प्रदर्शन के लिए है। इस वर्ष, इस श्रेणी के तहत कुल 3 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

गिरिराज सिंह
GIRIRAJ SINGH

ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री
भारत सरकार
कृषि भवन, नई दिल्ली
MINISTER OF
RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ
GOVERNMENT OF INDIA
KRISHI BHAWAN, NEW DELHI

संदेश

यह उल्लेखनीय है कि पंचायती राज मंत्रालय राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार–2023 के अंतर्गत राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतों की सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक पुस्तिका प्रकाशित कर रहा है। इस पुस्तिका में उनके उन उत्कृष्ट कार्यों को संकलित किया गया है, जिसके लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।

पुरस्कार के रूप में पंचायतों को प्रोत्साहन और मान्यता प्रदान करना, जमीनी स्तर पर विकासात्मक योजनाओं के समग्र कार्यान्वयन के लिए एक स्वस्थ और प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में अच्छी तरह से स्वीकृत नीतियों में से एक है। पंचायती राज मंत्रालय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायती राज संस्थाओं को स्थानीय स्वशासन में उनके निष्पादन को बढ़ाने के लिए पुरस्कारों के माध्यम से प्रोत्साहित करता है।

ग्रामीण भारत में सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण एवं उनकी प्राप्ति की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मान्यता प्रदान करने, सम्मानित करने एवं प्रोत्साहित करने के लिए इस वर्ष से बहु-स्तरीय प्रतियोगिता स्थापित करने हेतु राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के प्रारूप, प्रक्रिया और श्रेणियों में व्यापक रूप से संशोधन किया गया है।

स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के आधार पर चुनी गई विजेता पंचायतों ने स्थानीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं और अपने उत्कृष्ट कार्यों के परिणामस्वरूप 2.60 लाख से अधिक पंचायतों में से चुन कर आई हैं।

जबकि, मैं पंचायतों की इन उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं, मैं इस पुस्तिका की भी सराहना उन सभी हितधारकों से करता हूं जो ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थानों से जुड़े हुए हैं। मुझे आशा है कि यह पुस्तिका उन सभी के लिए उपयोगी होगी।

(गिरिराज सिंह)

Office: 'G' Wing, Ground Floor, Krishi Bhawan, New Delhi-110001, Tel.: 011-23383548, 23782373, 23782327, Fax: 011-23070309
Resi.: 27, Lodhi Estate, New Delhi, Ph.: 011-24626783, 24655677

कपिल मोरेश्वर पाटील
राज्य मंत्री
पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार

KAPIL MORESHWAR PATIL
MINISTER OF STATE
MINISTRY OF PANCHAYATI RAJ
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

यह अंत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार- 2023 के अंतर्गत विजेता पंचायतों के अनुकरणीय कार्यों को संकलित करते हुए पंचायती राज मंत्रालय "राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार विजेता पंचायतों की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं" पर बुकलेट का प्रकाशन करने जा रहा है।

सतत विकास के लिए एजेंडा-2030 के हस्ताक्षरकर्ता के रूप में, भारत 17 सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार एजेंडा-2030, राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों और "सबका साथ, सबका विकास" के अपने समावेशी विकास मोटो के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। ग्रामीण भारत में इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए, पंचायती राज संस्थाओं की सहभागिता करते हुए सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) के स्थानीयकरण का एक महत्वपूर्ण कदम पंचायती राज मंत्रालय द्वारा उठाया गया है, इसी के तहत पंचायती राज संस्थाओं को दिए जाने वाले राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों को भी एलएसडीजी से सबंद्ध किया गया है।

पंचायतों की सर्वोत्तम प्रथाओं/उपलब्धियों का यह संकलन दूसरों को प्रेरित करेगा। मुझे विश्वास है कि यह पुस्तिका पंचायतों, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

(कपिल मोरेश्वर पाटील)

Office: Room No. 392, 'E' Wing, 3rd Floor, Krishi Bhawan, New Delhi-110001
Residence: 05, Duplex North Avenue, New Delhi-110001
Phone: 011-23782143, 23782548, 23782518 E-mail Id: mospanchayatiraj@gmail.com

सुनील कुमार, आई.ए.एस.
सचिव
Sunil Kumar, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड,
कृषि भवन, नई दिल्ली–110001
Government of India
Ministry of Panchayati Raj
Dr. Rajendra Prasad Road,
Krishi Bhawan, New Delhi-110001

संदेश

भारत वर्ष 2030 के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का हस्ताक्षरकर्ता है। पंचायती राज मंत्रालय (MoPR), पंचायती राज संस्थानों (PRI) की शासन क्षमता का निर्माण करके और पुरस्कार और मान्यता के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करके सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

पंचायतों के प्रदर्शन को सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण (एलएसडीजी) के अनुरूप करते हुए पुरस्कार वर्ष 2023 से मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों को नया स्वरूप प्रदान किया गया है।

मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि इस वर्ष के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों में रिकॉर्ड 2.47 लाख पंचायतों ने प्रतिभागिता के साथ एलएसडीजी को प्राप्त करने के अपने समर्पण को प्रदर्शित किया है।

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए ब्लॉक, जिला, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर बहु-स्तरीय पिरामिड प्रतियोगिता के माध्यम से चुनी गई पंचायतों द्वारा एलएसडीजी की दिशा में किए गए प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय और अनुकरणीय हैं। मंत्रालय द्वारा इन पंचायतों की सर्वोत्तम प्रथाओं को इस पुस्तिका में संकलित किया गया है ताकि देश की अन्य पंचायतों को प्रेरित किया जा सके और इसी तरह के विकासात्मक कार्य किए जा सकें।

मुझे विश्वास है कि पुरस्कृत पंचायतों की सर्वोत्तम प्रथाओं के संग्रह की पुस्तिका पंचायती राज संस्थाओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के लिए प्रेरक और उपयोगी होगी।

(सुनील कुमार)

Tel.: 011-23389008, 23074309 • Fax: 011-23389028 • E-mail: secy-mopr@nic.in

गरीबी मुक्त
और उन्नत आजीविका पंचायत

गरीबी मुक्त पंचायत वह है जो सुनिश्चित करती है:

सामाजिक सुरक्षा ताकि कोई भी व्यक्ति गरीब न रहे
सभी के लिए बेहतर आजीविका के साथ विकास और समृद्धि

स्थानीय उद्देश्य और लक्ष्य :

- व्यक्तिगत/सामूहिक उद्यमों के माध्यम से आर्थिक विकास और रोजगार सृजन
- स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और समूह से जुड़े किसान समूह के सदस्यों का 100% बैंक लिंकेज
- केंद्र और राज्य आधारित पोर्टल पर किसानों का 100% पंजीकरण
- बुनियादी सेवाएं जैसे आवास, पानी और स्वच्छता आदि प्रदान करना
- सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों का शत-प्रतिशत पंजीकरण
- रोजगार गारंटी योजना के तहत 100% योग्य/ पात्र आवेदकों को मनरेगा
- जॉब कार्ड और सक्रिय जॉब कार्ड धारकों को निरंतर रोजगार
- पीडीएस के तहत पात्र परिवारों का 100% नामांकन और पात्रता आधारित राशन कार्ड सुनिश्चित करना
- आयुष्मान भारत कार्ड योजना के तहत पात्र नागरिकों का 100% कवरेज
- सिटीजन चार्टर के अनुसार 100% सेवाएं उपलब्ध

ग्राम पंचायतों की भूमिका:

- सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) और मिशन अंत्योदय डेटा के अनुसार लाभार्थी (वंचित) की पहचान
- जॉब कार्ड का प्रभावी वितरण
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में पंजीकरण की सुविधा प्रदान करना
- कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास और रोजगार के माध्यम से आय सृजन
- सिंचाई, बेहतर बीज, जैव-उर्वरकों, उपयुक्त नई तकनीकों की पहचान, के.वी.के (कृषि विज्ञान केंद्र) के उपयोग के माध्यम से भूमि उत्पादकता में सुधार
- हैंड-होल्डिंग प्रशिक्षण और बैंक लिंकेज तक पहुंच बनाकर एसएचजी को मजबूत करना
- ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) निधियों और कार्यक्रमों का अभिसरण

खंडोबाचीवाड़ी

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति : पलुस
जिला पंचायत: सांगली, राज्य: महाराष्ट्र

गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका पंचायत

1 प्रथम पुरस्कार

प्रोफाइल / रूपरेखा :

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 188732
कुल जनसंख्या : 2342 (पुरुष : 1242, महिलाएं: 1100) (जनगणना 2011)
कुल निर्वाचित सदस्य: 9 (पुरुष: 4, महिलाएं: 5)
कुल परिवार: 485
कुल राशन कार्ड धारक: 367
मनरेगा के तहत कुल जॉब कार्ड धारक: 312
कुल बीपीएल (BPL) महिलाएं: 391
कुल स्वयं सहायता समूह (SHGs): 26

प्रमुख उपलब्धियां

- मनरेगा के तहत 14,660 दिनों के लिए 11 सड़कें पूरी की गईं और 258 मजदूरों को लगाया गया
- पीएम-आवास योजना के तहत 6,014 लाभार्थियों को घर दिए गए
- पीएम-किसान सम्मान योजना के तहत 349 किसान लाभान्वित हुए
- खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 367 लाभार्थी लाभान्वित
- राज्य पेंशन योजना के तहत 16 व्यक्ति लाभान्वित
- पीएम-जनधन योजना के तहत 403 लोगों के खाते खोले गए
- सभी 391 बीपीएल महिलाएं 26 स्वयं सहायता समूहों की सदस्य हैं

चुनौतियाँ

- स्थानीय लोगों को योजना का लाभ उठाने के लिए समझाना
- पंचायत सदस्यों और स्थानीय लोगों के बीच संचार स्थापित करना
- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना
- केवल प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध
- अधिक ड्राप आउट दर
- पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का अभाव

समाधान दृष्टिकोण (Approach Taken)

- मुद्दों और योजनाओं पर विचार-विमर्श करने के लिए ग्राम संघ की मासिक बैठकें
- 21 एसएचजी को रु. 28 लाख की आर्थिक सहायता
- कपड़ा, चीनी और अन्य उद्योगों के तहत रोजगार प्रदान किया गया
- छात्रों की 100% उपस्थिति और व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित की गई
- सीवेज का पुनर्चक्रण/ रिसाइक्लिंग
- विद्यालयों में पोषक-उद्यानों एवं खेल के मैदानों को तैयार किया गया

प्राप्त सहयोग

- केंद्र और राज्य सरकार की योजना निधि:
  - पीएम-आवास योजना - 21 लाख रुपये
  - मनरेगा - 63 लाख रूपये और पीएम केएसवाई - 17. 49 लाख रूपये
  - एसएचजी - 28 लाख रूपये, एसजीएनवाई - रु. 0.24 लाख रूपये, 15वां वित्त आयोग- 0.81 लाख रूपये
  - 5% दिव्यांग - 0.32 लाख रूपये और लोक सभाग - 0.10 लाख रूपये

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित छोटे पैमाने के व्यवसायों की स्थापना, महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन
- मानव कल्याण के लिए विभिन्न क्षेत्रों पर समितियों का गठन
- ग्राम पंचायत सदस्यों का समय-समय पर प्रशिक्षण

मंदोद्दी

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: रजोली
जिला पंचायत: जोगुलम्बा गडवाल, राज्य: तेलंगाना

गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका पंचायत

2 द्वितीय पुरस्कार

प्रोफाइल / रूपरेखा :

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 206050
कुल जनसंख्या : 4623 (पुरुष : 2311, महिलाएं: 2312) (जनगणना 2011)
कुल निर्वाचित सदस्य: 12 (पुरुष: 6, महिलाएं: 6)
कुल परिवार: 1238
कुल राशन कार्ड धारक: 4098
मनरेगा के तहत कुल जॉब कार्ड धारक: 948
कुल बीपीएल (BPL) महिलाएं: 815
कुल स्वयं सहायता समूह (SHGs) : 28

प्रमुख उपलब्धियां

- मनरेगा के तहत संचालित सब्जी मंडियां, आटा मिलें और हार्वेस्टर
- मनरेगा के तहत 698 (सक्रिय) जॉब-कार्ड धारक
- 100% समय पर मनरेगा के तहत वेतन भुगतान
- सभी 353 व्यक्तियों को आसरा (राज्य पेंशन योजना) वितरित की गई
- स्कूलों और आंगनबाड़ियों में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन
- 100% एलपीजी (LPG) उपयोगकर्ता, सीसीटीवी कैमरों के साथ 100% एलईडी स्ट्रीट लाइट 100% विद्युतीकरण, 28 स्वयं सहायता समूहों की सभी 815 बीपीएल महिला सदस्य

चुनौतियाँ

- रोजगार योजनाओं के बारे में जागरूकता का अभाव
- कृषि में आधुनिक तकनीकी को अपनाना
- कमजोर स्वयं सहायता समूह
- सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं और युवाओं की कोई भागीदारी नहीं

समाधान दृष्टिकोण (Approach Taken)

- ग्राम सभाओं के माध्यम से सीधे जनता तक पहुंचना
- स्थायी समिति की बैठकों का आयोजन (कृषि, स्वास्थ्य आदि पर)
- गरीबी उन्मूलन योजनाओं, आईसीडीएस, पीडीएस और एसएचजी ऋणों पर सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियां
- सार्वजनिक वितरण की दुकानों का समय-समय पर निरीक्षण

प्राप्त सहयोग

- महिलाओं, किसानों और युवाओं की भागीदारी
- केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं (मनरेगा, पीएम-आवास, पीएम-जन धन योजना आदि) और रायथू संगम संगठन

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- योजनाओं के बारे में गांव के स्थानीय लोगों को शिक्षित करना ग्राम पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी में सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं,
- युवाओं और छात्रों की बढ़ी हुई भागीदारी
- महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष ग्राम सभा

नागम

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: लुंड्रा
जिला पंचायत: सरगुजा, राज्य: छत्तीसगढ़

गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका पंचायत

3 तृतीय पुरस्कार

प्रोफाइल / रूपरेखा :

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 130839
कुल जनसंख्या: 1481 (पुरुष: 694, महिलाएं: 787) (जनगणना 2011)
कुल निर्वाचित सदस्य: 14 (पुरुष: 7, महिलाएं: 7)
कुल परिवार: 418
कुल राशन कार्ड धारक: 418
मनरेगा के तहत कुल जॉब कार्ड धारक: 500
कुल बीपीएल (BPL) महिलाएं: 267
कुल स्वयं सहायता समूह (SHGs): 17

प्रमुख उपलब्धियां

- मनरेगा के तहत 500 जॉब कार्ड बांटे गए
- सभी 267 बीपीएल महिलाएं 17 स्वयं सहायता समूहों की सदस्य हैं
- पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के तहत 175 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया
- राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत 418 राशन कार्ड वितरित किए गए

चुनौतियाँ

- ग्राम सभाओं में भागीदारी का अभाव
- स्वयं सहायता समूहों का अपर्याप्त प्रशिक्षण

समाधान दृष्टिकोण (Approach Taken)

- योजनाओं पर वार्ड सदस्यों द्वारा जागरूकता अभियान और निवासियों को ग्राम सभाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना
- मनरेगा के बारे में जागरूकता पैदा करने/ बढ़ाने के लिए ग्राम रोजगार सहायक की प्राथमिक भूमिका

प्राप्त सहयोग

- जिला पंचायत प्रशासन द्वारा महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना
- 15वां वित्त आयोग, मनरेगा, एनआरएलएम (NRLM) और राज्य योजनाओं का अनुदान

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- ग्राम सभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना
- बेहतर भागीदारी के लिए आईईसी (IEC) गतिविधियां
- जिला स्तर पर एनआरएलएम (NRLM) के तहत अधिक प्रशिक्षण कार्यशालाएं
- स्वयं के राजस्व स्रोत से होने वाली आय में वृद्धि को प्राथमिकता
- गरीबी रेखा से नीचे (BPL) की आबादी को विशेष सहायता

स्वस्थ पंचायत

एक स्वस्थ पंचायत वह है जो सुनिश्चित करती है:

- सभी उम्र के लोगों के लिए अच्छा स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती
- गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं
- सभी का टीकाकरण
- उचित मूल्य पर दवाओं की उपलब्धता

स्थानीय उद्देश्य और लक्ष्य :

- बच्चों में स्टंटिंग और वेस्टिंग को खत्म करना
- किशोरियों और महिलाओं में खून की कमी को दूर करना
- कम लागत, अत्यधिक पौष्टिक और स्थानीय रूप से प्राप्त अनाज, सब्जियां, फल, अंडे आदि।
- संचारी रोगों के लिए निवारक और उपचारात्मक उपाय
- शून्य मातृ मृत्यु, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु
- सभी के लिए चिकित्सा देखभाल और स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रावधान
- खुले में शौच मुक्त+ स्थिति प्राप्त करना

ग्राम पंचायतों की भूमिका:

- बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना (पोषण, परामर्श, सैनिटरी नैपकिन का उपयोग और सुरक्षित निस्तारण आदि)
- माताओं और बच्चों के पूर्ण टीकाकरण में सहायता प्रदान करना
- संचारी रोगों / communicable diseases (एनीमिया, टीबी, एचआईवी आदि) और गैर-संचारी रोगों/जीवन शैली के रोगों (मधुमेह, कैंसर आदि) की रोकथाम और उपचार की सुविधा
- शादी और गर्भावस्था की उम्र, मानसिक स्वास्थ्य और विकलांगता पर जागरूकता
- वृद्धावस्था देखभाल सहायता
- आयुष का प्रचार और उपयोग

गौथमपुर

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: चुंचुपल्ली
जिला पंचायत: भद्राद्री कोठागुडेम, राज्य: तेलंगाना

स्वस्थ पंचायत

प्रोफाइल / रूपरेखा :

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 280571
कुल गांव: 1
कुल जनसंख्या: 4407 (पुरुष: 2238, महिलाएं: 2169)
कुल परिवार: 1163
कुल वार्ड: 12
कुल स्वास्थ्य उपकेन्द्र: 2

प्रमुख उपलब्धियां

- ग्राम पंचायत में 100% प्रसव चिकित्सालय में किए गए हैं। ग्राम पंचायत में आयु वर्ग (0-59 महीने) के किसी बच्चे की मृत्यु नहीं हुई और बच्चों (0-6 वर्ष) का पूरी तरह से टीकाकरण किया गया
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत शत-प्रतिशत महिलाएं लाभान्वित
- ग्राम पंचायत में रक्ताल्पता (एनीमिया) से कोई महिला ग्रसित नहीं है और गर्भवती महिलाओं,
- स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों को स्वस्थ और पौष्टिक खाद्य पदार्थों का नियमित वितरण ताकि शिशु मृत्यु दर और महिलाओं में रक्ताल्पता (एनीमिया) को कम किया जा सके
- ग्राम पंचायत में एम्बुलेंस और टेलीमेडिसिन की सुविधा भी उपलब्ध है

चुनौतियाँ

- कोविड 19 महामारी के कारण लोगों को अपनी आवश्यकताएं के लिए प्राथमिक
- स्वास्थ्य केंद्र या ग्राम पंचायत में आना मुश्किल हो रहा था।

समाधान दृष्टिकोण (Approach Taken)

- ग्राम पंचायत में मास्क और सैनिटाइजर वितरित किए गए
- महामारी से निपटने के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए कोविड-19 सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई
- ग्राम पंचायत की आबादी का टीकाकरण करने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया और जागरूकता शिविर और स्वच्छता अभियान आयोजित किए गए

प्राप्त सहयोग

- 15वें वित्त आयोग की केंद्रीय निधियों और राज्य निधियों जैसे संसाधनों का लाभ उठाते हुए ग्राम पंचायत कोविड-19 महामारी से निपटने में सफल रही

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- ग्राम पंचायत ने स्वयं की व्यायामशाला, स्विमिंग पूल, खेल के मैदानों का निर्माण किया है और साथ ही अपने मनोरंजन स्थल का रखरखाव भी किया है
- ग्राम पंचायत गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित करती है
- ग्राम पंचायत के लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवाएं वितरित की जा रहीं है
- मिशन भागीरथ योजना के तहत स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराई
- निवारक उपाय के रूप में घर-घर कचरा संग्रहण जैसी सेवाएं

कंचूरा

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: हिंजिलीकट
जिला पंचायत: गंजाम, राज्य: ओडिशा

स्वस्थ पंचायत

2 द्वितीय पुरस्कार

प्रोफाइल / रूपरेखा :

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 117772
कुल गांव: 5
कुल जनसंख्या: 7944 (पुरुष: 3943, महिलाएं: 4001)
कुल परिवार: 1864
कुल सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र: 1
कुल स्वास्थ्य उपकेन्द्र: 1
कुल आंगनवाड़ी केंद्र: 13

प्रमुख उपलब्धियां

- ग्राम पंचायत में 100% प्रसव चिकित्सालय में किए गए हैं और बच्चों (0-6 वर्ष) का पूरी तरह से टीकाकरण किया गया था
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 100% महिलाएं लाभान्वित हुईं और ग्राम पंचायत में रक्ताल्पता (एनीमिया) से ग्रसित कोई महिला नहीं है
- पीएचसी (सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र) कंचुरू को एक स्वास्थ्य और वेलनेस केंद्र घोषित किया गया है जो कई स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करता है जैसे कि प्रसव, नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल, बचपन और किशोर स्वास्थ्य देखभाल आदि. सैनिटरी नैपकिन के वितरण सहित स्कूल में नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। ग्राम पंचायत अतःक्षेपों के कारण टीबी रोगियों की 100% रिकवरी हुई है।
  स्वास्थ्यकारी भोजन के प्रति जागरूकता के लिए गांव में 'पुष्टि महोत्सव' का आयोजन।

चुनौतियाँ

- दूसरे राज्यों से लौटने वाले यात्रियों से होने वाले संक्रमण को रोकना।
- कंचुरू पीएचसी को एक योग केंद्र की आवश्यकता थी जो बाद में पूरी हो गई।
- फिजियोथेरेपी सेंटर और मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के लिए बायो-मेडिकल वेस्ट कॉर्नर की आवश्यकता है।

समाधान दृष्टिकोण (Approach Taken)

- ग्राम पंचायत में वापस लौटे प्रवासी लोगों को सभी आवश्यक सेवाओं के साथ क्वारंटाइन में रखा गया था
- सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता, गांवों की व्यापक सफाई, पोस्टर के माध्यम से जागरूकता, पत्रक आदि के माध्यम से जागरूकता, मास्क और सैनिटाइज़र का वितरण
- ग्रामीणों के बीच योगासन का अभ्यास किया गया था
- "निक्षय मित्र" अर्थात टीबी रोगियों के बीच मुफ्त दवा के साथ पूरक पोषण किट का वितरण

प्राप्त सहयोग

- ग्राम पंचायत की महिलाओं को ममता योजना और बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (स्वास्थ्य बीमा योजना) का लाभ मिला है।

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- पीएचसी को साफ, हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए मनरेगा के तहत कंचूरू पीएचसी में छत पर जल संचयन (water harvesting) संरचनाएं और वृक्षारोपण गतिविधियां शुरू की गई हैं। वीएचएसएनसी (VHSNC-Village Health, Sanitation and Nutrition Committee) के माध्यम से ग्राम पंचायत में सभी वर्गों के लोगों के स्वस्थ जीवन के लिए बेहतर योजना, समन्वय, निगरानी और जागरूकता को मजबूत किया जा रहा है
  स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक मध्याह्न भोजन, शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में न्यूट्री-गार्डन
- टेली मेडिसिन सुविधा का प्रचार, जैविक खेती को बढ़ावा

सांकरा

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: नागरी
जिला पंचायत : धमतरी, राज्य: छत्तीसगढ़

स्वस्थ पंचायत

प्रोफाइल / रूपरेखा :

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 124040
कुल गांव: 1
कुल वार्ड: 20
कुल जनसंख्या: 6681 (पुरुष: 3301, महिलाएं: 3380)
कुल परिवार: 1984

प्रमुख उपलब्धियां

- ग्राम पंचायत में 100% प्रसव चिकित्सालय में किए गए हैं और 80% से अधिक बच्चों (0-6 वर्ष) का पूरी तरह से टीकाकरण किया गया
- गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों को स्वस्थ और पौष्टिक खाद्य पदार्थों का नियमित वितरण ताकि शिशु मृत्यु दर और महिलाओं में रक्ताल्पता को कम किया जा सके
- गांव के स्वास्थ्य स्तर को बढ़ाने के लिए, ग्राम पंचायत ने अपनी जीपीडीपी योजना के कुल बजट में से स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के लिए लगभग 87% बजट आवंटित किया है

चुनौतियाँ

- जनजातीय क्षेत्र होने के कारण लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए घर-घर जाना मुश्किल था
- कोविड-19 महामारी के कारण लोगों को अपनी ज़रूरतों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या ग्राम पंचायत में आना मुश्किल हो रहा था।

समाधान दृष्टिकोण (Approach Taken)

- महामारी से निपटने के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिकोण पर चर्चा करने के लिए कोविड 19 सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई
- फेस मास्क वितरित किए गए, टीकाकरण अभियान चलाया गया और महामारी से निपटने के लिए सड़कों को साफ किया गया
- आईईसी (IEC) गतिविधियों के साथ महिला सभा और बाल सभा जैसे आयोजनों ने ग्राम पंचायत को टीकाकरण में मदद की
- ग्राम पंचायत ने अपने सभी निवासियों के लिए घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है।

प्राप्त सहयोग

- 15वें वित्त आयोग की केंद्रीय निधियों और मूलभूत, ग्राम पंचायत सांकरा जैसी पहलों से राज्य निधियों जैसे संसाधनों का लाभ उठाने से कोविड-19 महामारी से निपटने में सफलता मिली
- आशा (ASHA) कार्यकर्ता, हरित सेना और स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से ग्राम पंचायत को अपने निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में मदद मिली

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- जीपी ने अपने जीपीडीपी में स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है
- छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग की हाटबाजार योजना के माध्यम से लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयां वितरित की जा रही हैं
- निवारक उपाय के रूप में, घर-घर कचरा संग्रहण, साफ पानी और ओवरहेड टैंकों की नियमित सफाई जैसी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, वीएचएनएससी (VHSNC-Village Health, Sanitation and Nutrition Committee) की नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं, आशा (ASHA) कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं व बच्चों को पोषाहार का वितरण किया जा रहा है, आशा (ASHA) कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं व बच्चों को पोषाहार का वितरण किया जा रहा है

बाल-हितैषी
पंचायत

बाल-हितैषी पंचायत वह है जो यह सुनिश्चित करती है कि सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए जीवित रहने, विकास, भागीदारी और सुरक्षा के अपने अधिकारों का उपयोग करने में सक्षम हैं:

स्थानीय उद्देश्य और लक्ष्य :

- स्थानीय उद्देश्य और लक्ष्य :
- स्कूलों में 100% नामांकन
- बाल विवाह, तस्करी और बाल श्रम और बच्चों के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा के मामलों को कम करना/समाप्त करना
- विकलांग बच्चों के लिए शिक्षा की समान पहुंच
- अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए)/स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

ग्राम पंचायतों की भूमिका:

- पांच वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन; मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर नजर रखना
- आईसीडीएस (ICDS) और स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं की निगरानी करना
- आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में न्यूट्री-गार्डन को तैयार करना
- बच्चों के अवरुद्ध विकास के नियमित टीकाकरण के संबंध में निगरानी के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना
- स्कूल में सुरक्षित पेयजल और हाथ धोने की इकाइयों का प्रावधान
- संविधान स्वास्थ्य, संरक्षण और शिक्षा समितियों और उनके कामकाज
- बाल विवाह, तस्करी और बाल श्रम की सभी हिंसा, दुर्व्यवहार और घटनाओं से बच्चों की सुरक्षा और उचित कानूनी अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट करना
- बच्चों को अपने मुद्दों को रखने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए बाल सभा का आयोजन करना

चेदुथाना

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: हरिप्पड
जिला पंचायत: अलप्पुझा, राज्य: केरल

बाल-हितैषी पंचायत

1 प्रथम पुरस्कार

प्रोफाइल / रूपरेखा :

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 220997
कुल जनसंख्या : 12882 (पुरुष : 6017, महिलाएं: 6865)
कुल सरकारी स्कूल:9 (5 प्राथमिक, 2 उच्च प्राथमिक, 1 उच्च विद्यालय और 1 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय)
कुल आंगनवाड़ी केंद्र: 14
कुल बच्चे: 362

प्रमुख उपलब्धियां

- सभी 14 आंगनवाड़ी केन्द्रों में पर्याप्त बुनियादी ढांचा, वार्ड नंबर 4 में आदर्श आंगनवाड़ी जहाँ सभी सुविधाएं अर्थात
- बच्चों के लिए शौचालय, खेलने की जगह, बर्तन आदि उपलब्ध हैं. | सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यालयों में खेल के मैदानों की सुविधा, आंगनवाड़ी केन्द्रों की छात्राओं के लिए कला महोत्सव का आयोजन.
- आंगनवाड़ी केन्द्रों और विद्यालयों में बच्चों के मानसिक विश्राम/ मेन्टल रिफरेशमेंट के लिए उनके सहयोग से छोटे-छोटे उद्यान तैयार किए गए हैं, छात्रों को अध्ययन कक्ष बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है.
- अनुसूचित जाति के छात्रों को लैपटॉप और मेधावी छात्रवृत्ति वितरित की गई
- आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए विशेष पोषाहार कार्यक्रम हेतु पंचायत हर साल करीब 15 लाख रुपए की राशि खर्च कर रही है

चुनौतियाँ

- आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के मानसिक विकास के लिए पर्याप्त जगह की अनुपलब्धता
- स्कूलों में बच्चों के लिए पार्क और खेल के उपकरणों जैसी अतिरिक्त सुविधाओं की आवश्यकता/ कमी

समाधान दृष्टिकोण (Approach Taken)

- पंचायत समिति के माध्यम से राज्य सरकार से आंगनवाड़ी केन्द्रों में बाहरी/ खुला स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया
- सरकारी निम्न और उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बच्चों के लिए पार्क और आंगनवाड़ी केन्द्रों में खेल उपकरण प्रदान किया गया
- अभिभावक-शिक्षक संघों (पीटीए) की मदद से सरकार की ओर से प्रत्येक वर्ष एक न्यूनतम साझेदारी योजना शामिल की गई

प्राप्त सहयोग

- केंद्र सरकार, राज्य सरकार और ब्लॉक आर्थिक अंश से बच्चों के कल्याण के लिए 24 लाख रुपये से अधिक और रिबिल्ड केरल इनिशिएटिव से सहायता के रूप में खर्च किए
- रिबिल्ड केरल इनिशिएटिव (आर.के.आई) योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों का निर्माण।

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- संबंधित पंचायत समिति द्वारा विषयगत उपलब्धि पर लगातार मासिक समीक्षा आंगनवाड़ी केन्द्रों का नियमित रखरखाव
- राज्य द्वारा आवंटित 2 करोड़ रुपये की धनराशि से विद्यालय भवन का निर्माण

सिरा-ए

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: लट्टी
जिला पंचायत: उधमपुर, राज्य: जम्मू और कश्मीर

बाल-हितैषी पंचायत

2
द्वितीय पुरस्कार

प्रोफाइल / रूपरेखा :

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 240241
कुल जनसंख्या- 1632 (पुरुष- 864, महिलाएं - 768)
कुल सरकारी स्कूल: 9 (2 प्राथमिक, 3 मिडिल और 1 उच्च विद्यालय)
कुल आंगनवाड़ी केंद्र: 4
कुल बच्चे: 650

प्रमुख उपलब्धियां

- पूर्वस्कूली शिक्षा के लिए स्टाफ, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं से सुसज्जित चार आंगनवाड़ी केंद्र। बच्चों के सर्वांगीण
- विकास के लिए खेल के मैदान, स्मार्ट क्लास और अन्य बुनियादी सुविधाओं जैसी सुविधाओं की उपलब्धता
- 100% नामांकन और शून्य ड्रॉपआउट दर
- 4 आशा कार्यकर्ताओं सहित पर्याप्त स्टाफ वाले एक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र ने 100% टीकाकरण हासिल किया है और माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाई है
- नियमित बाल सभाओं का आयोजन
- बाल संरक्षण समिति के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम सभा की प्रत्येक बैठक में एक अनिवार्य कार्यसूची मद को शामिल करना

चुनौतियाँ

- सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे का अभाव
- स्कूलों में स्टाफ की कमी
- बच्चों में कुपोषण की व्यापकता
- छात्राओं के लिए अलग शौचालय की सुविधा न होने के कारण ड्रॉपआउट
- विद्यालयों में मध्याह्न भोजन से संबंधित दोषपूर्ण कार्यान्वयन
- माहवारी स्वच्छता के बारे में बालिकाओं में जागरूकता की कमी

समाधान दृष्टिकोण (Approach Taken)

- पंचायतों की सक्रिय भागीदारी के कारण एमडीएम और आईसीडीएस में सुधार
- संबंधित विद्यालयों में बालिकाओं के लिए अलग से नए शौचालयों का निर्माण
- इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न बाल उन्मुख योजनाओं का नियमित सामाजिक लेखापरीक्षा, बच्चों के दृष्टिकोण को समझने के लिए नियमित बाल सभाओं का आयोजन बाल स्टंटिंग/ शारीरिक विकास में अवरोध और वेस्टिंग/ अपक्षय रोगों को कम करने के लिए नियमित चिकित्सा और स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन, बच्चों में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से खेलकूद संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन करना। | बाल-उन्मुख बुनियादी ढांचे जैसे खेल के मैदान, बालवाड़ी, आईसीटी आदि में वर्गीकृत निवेश

प्राप्त सहयोग

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित स्वास्थ्य जांच एवं बच्चों के बीच दवाईयों का वितरण
- समाज कल्याण विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं में सुधार
- ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत के प्रमुख स्कूलों में जिला कैपेक्स के तहत आईसीटी बुनियादी ढांचा प्रदान किया, शिक्षा विभाग द्वारा बालवाड़ी की स्थापना
- युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा समय-समय पर खेल-कूद कार्यक्रमों का आयोजन

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- पंचायत का उद्देश्य सभी स्कूलों में आईसीटी लैब स्थापित करना और एमडीएम और आईसीडीएस योजनाओं का पारदर्शी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है
- पंचायत इसे सतत बनाने के लिए मानव संसाधन विकास में और अधिक निवेश करने पर विचार कर रही है।

हसुड़ी औसानपुर

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: अजवापुर
जिला पंचायत: सिद्धार्थ नगर, राज्य: उत्तर प्रदेश

बाल-हितैषी पंचायत

3 तृतीय पुरस्कार

प्रोफाइल / रूपरेखा :

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 274008
कुल जनसंख्या: 1024 (पुरुष- 483, महिलाएं - 541)
कुल स्कूल: 1
कुल आंगनवाड़ी केंद्र: 1
कुल बच्चे (6-59 माह आयु): 24
कुल परिवार: 148

प्रमुख उपलब्धियां

- पीएम-श्री के लिए एक स्कूल का चयन, भारत की पहली ग्रामीण अंतरिक्ष प्रयोगशाला हसुड़ी औसानपुर में स्थापित की गई है जो प्रशिक्षण और टोबोटिक्स:संवर्धित वास्तविकता वर्चुअल वास्तविकता, ड्रोन, उपग्रह, रॉकेट आदि जैसे कार्यक्रम आयोजित करती है. | सरकारी स्कूल के छात्रों ने अहमदाबाद, गुजरात में इसरो (ISRO) के अंतरिक्ष एप्लिकेशनों केंद्र में अपनी इक्स्पोजर विजिट/ यात्रा पूरी की। इस यात्रा के दौरान उन्हें उपग्रह निर्माण और आम लोगों के जीवन में उनके उपयोग के बारे में सिखाया गया । स्कूल में नियोजित शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सफाई कर्मचारी भी सरकारी स्कूल में ही पढ़ते हैं, जिसने स्थानीय लोगों के भीतर अपने बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों के बजाय गांव के सरकारी स्कूल में भेजने के लिए विश्वास पैदा किया है। सरकारी स्कूल द्वारा शुरू की गई एक अंतरिक्ष प्रदर्शनी ने सिद्धार्थ नगर जिले के 741 से अधिक सरकारी स्कूलों के 10,000 से अधिक छात्रों को आकर्षित किया।
- छात्रों ने भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) द्वारा आयोजित अंतरिक्ष ग्राम थीम में भाग लिया और 'सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण शिक्षा पुरस्कार' जीता।

चुनौतियाँ

- अपर्याप्त धनराशि
- खेल के मैदान की जमीन और स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जा अधिकार
- विध्यार्थियों की आबादी की तुलना में शिक्षकों की कमी। स्कूल में 300 से
- अधिक छात्रों के लिए केवल 6-7 शिक्षक थे जिससे असुविधा होती थी

समाधान दृष्टिकोण (Approach Taken)

- ग्राम सभा बैठकों और धनराशि एकत्रित करने के माध्यम से ग्रामीणों में चुनौतियों से उबरने के लिए जागरूकता सृजन करना
- राज्य वित्त आयोग और केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा और जनता के सहयोग से स्कूल की संपत्ति, बच्चों के खेल के मैदान, ओपन जिम और इंपैक्ट लैब का निर्माण
- सरकारी स्कूल में वातानुकूलन, बेंच, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, आरओ वाटर सप्लाई, लाइब्रेरी और सीसीटीवी जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं ,पुलिस विभाग, राजस्व विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से अवैध रूप से अधिकृत स्कूल व खेल के मैदान की जमीन को मुक्त कराया गया

प्राप्त सहयोग

- केंद्र और राज्य सरकारों ने विकास की प्रक्रिया के दौरान वित्तीय, तकनीकी और प्रशासनिक सहायता प्रदान की

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- IT-BHU ने एक पहल कार्बन न्यूट्रल पंचायत के साथ पंचायत को अपनाया है
- मौसम की स्थिति, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की संभावनाओं की निगरानी द्वारा किसानों और ग्रामीणों को अपने खेतों को संरक्षित करने/सावधानी बरतने में मदद करने के लिए एक उपग्रह बनाने के लिए इसरो द्वारा छात्रों की सहायता।
- नासा-रोवर चैलेंज 2024 में छात्रों की भागीदारी।
- पूरे राज्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, उद्यमिता के क्षेत्र में युवाओं के लिए अवसरों की खोज और निर्माण।

जल पर्याप्त पंचायत

एक जल पर्याप्त पंचायत वह है जो सुनिश्चित करती है:

- सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के कार्यशील/चालू हालत में घरेलू नल कनेक्शन
- प्रभावी जल प्रबंधन
- कृषि और सभी ज़रूरतों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता
- जल पारिस्थितिकी तंत्र (water ecosystem) का संरक्षण

स्थानीय उद्देश्य और लक्ष्य :

- सभी के लिए पर्याप्त साफ पानी और पेयजल की सुविधा तक पहुंच
- स्वच्छता सुविधाओं तक सभी की पहुंच
- घरेलू शौचालयों का 100% उपयोग सुनिश्चित करना
- धूसर जल/ ग्रे वाटर उपचार और शुद्धिकरण पर तंत्र तैयार करना
- भू-जल की कमी, आर्सेनिक संदूषण को रोकना
- वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण
- प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए जल एवं स्वच्छता समितियों का गठन

ग्राम पंचायतों की भूमिका:

- पानी और स्वच्छता संपत्तियों के उपयोग और प्रबंधन पर लोगों को शिक्षित करना
- स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में लड़कों और लड़कियों के लिए पर्याप्त और
- अलग-अलग कार्यात्मक शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करना
- सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव सुनिश्चित करना
  जल आपूर्ति और धूसर जल/ ग्रे वाटर प्रबंधन प्रौद्योगिकी जैसे मैजिक पिट्स,
- किचन गार्डनिंग आदि को अपनाना और आधुनिक कृषि और जल उपयोग
- प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना
- पर्याप्त और पीने योग्य पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ संपर्क करना
- संपत्ति प्रबंधन के लिए जन समिति का गठन और उनका क्षमता निर्माण
  जल परीक्षण के माध्यम से जल निकायों की सुरक्षा और जल गुणवत्ता की निगरानी करना

नेल्लुतला

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: लिंगलघनपुर
जिला पंचायत : जनगांव राज्य: तेलंगाना

जल पर्याप्त पंचायत

1st PRIZE

प्रोफाइल / रूपरेखा:

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 213745
कुल गांव: 1
कुल जनसंख्या: 5646 (पुरुष: 2882, महिलाएं: 2764)
कुल परिवार: 1804

प्रमुख उपलब्धियां

- ग्राम पंचायत में सभी घरों और सार्वजनिक संस्थानों में 100% नल जल कनेक्शन
- जल संरक्षण के लिए कई घरों पर कई चेक डैम, फार्म पोंड, परकोलेशन टैंक, मैजिक सोक पिट्स, कम्युनिटी सोक पिट्स और रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण किया
- टाइफाइड, जीई (Gastroenteritis) और डायरिया जैसी जल जनित बीमारियों की शून्य घटना
- सभी घरों को 65 से अधिक एलपीसीडी पानी उपलब्ध कराया गया

चुनौतियाँ

- पहले पानी की कमी रहती थी, ग्रामीण पानी लेने के लिए दूर-दूर जाते थे
- पानी की खराब गुणवत्ता के कारण टाइफाइड, जीई और डायरिया जैसी जल जनित बीमारियां
- पानी की मौसमी कमी
- पीने के पानी का समान वितरण नहीं होना
- घरों के साथ-साथ कृषि जरूरतों को पूरा करने के लिए भू-जल स्तर बहुत खराब था

समाधान दृष्टिकोण

- मिशन भागीरथ/जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल कनेक्शन दिया जाता है। मौसमी कमी से टाला गया और गुणवत्ता संरक्षित पानी की आपूर्ति की गई
- गुणवत्ता जांच के लिए पानी की टंकियों की नियमित सफाई और फील्ड टेस्ट किट (FTK) द्वारा परीक्षण किया गया
- जनप्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को शामिल करते हुए पानी और स्वच्छता के लिए काम करने वाली स्थायी समितियों का गठन किया
- मनरेगा/जल शक्ति अभियान के तहत छत के वर्षा जल संचयन संरचना आदि जैसी जल संचयन संरचनाओं को लेकर भूजल स्तर में सुधार किया गया

प्राप्त सहयोग

- पंचायत द्वारा लिए गए निर्णयों को सभी निधियों के साथ मिलाकर लागू करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की सभी निधियों का उपयोग किया गया है
- पंचायत ने चंदा इच्छा किया और अपने स्रोतों को एक अतिरिक्त के रूप में जोड़ा
- केंद्र सरकार के कार्यक्रमों/योजनाओं जैसे जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, राष्ट्रीय जल मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि के फंड का उपयोग ग्राम पंचायत को जलापूर्ति/संरक्षण में आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जाता है

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- जल प्रदूषण को रोकने और जल संरक्षण के लिए कुछ कदम उठाने के लिए नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना
- भंडारण (स्टोरेज) टैंकों की सफाई और क्लोरीनीकरण के लिए साप्ताहिक (प्रत्येक शुक्रवार) आवंटित किया गया
- सरकारी कार्यक्रमों को अपनाकर जल संरक्षण गतिविधियों, पानी की बचत, सुरक्षित पेयजल और पर्यावरण के संरक्षण के फायदों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करना

पेरूमपडप्पा

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: पेरूमपडप्पु
जिला पंचायत: मलप्पुरम राज्य: केरल

जल पर्याप्त पंचायत

2nd PRIZE

प्रोफाइल / रूपरेखा:

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 221564
कुल गांव: 1
कुल जनसंख्या: 29766 (पुरुष: 13553, महिलाएं: 16213)
कुल परिवार: 7072

प्रमुख उपलब्धियां

- तालाबों और कुओं का निर्माण
- 100 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली प्रत्येक इमारत के लिए वर्षा जल संचयन प्रणाली अनिवार्य की गई
- दो पेयजल संग्रहण एवं वितरण प्रणाली से 300 परिवार लाभान्वित
- खारे पानी की आमद को रोकने के लिए नहर के आर-पार वेंटेड क्रॉस बार (वीसीबी) का निर्माण किया
- जल निकायों के प्रदूषण को रोकने के लिए हर कॉलोनी में जल निकासी की व्यवस्था
- बाढ़ नियंत्रण उपाय के रूप में जल निकासी को समुद्र में साफ करना

चुनौतियाँ

- पंचायत में लंबा समुद्री तट और पहाड़ी क्षेत्र शामिल हैं
- पश्चिमी भाग में तटीय बाढ़
- खारे पानी से प्रभावित
- गर्मी के मौसम में पीने के पानी की कमी
- सार्वजनिक जल निकायों और बाढ़ का प्रदूषण

समाधान दृष्टिकोण

- नए जल संसाधनों का निर्माण, मौजूदा जल निकायों का कायाकल्प, सिंचाई नहरों की गाद निकालना, भूजल में वृद्धि करना।
- विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से घरों में खुले कुओं और सार्वजनिक जल निकायों में पानी की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया
- तटीय सुरक्षा के लिए जैव विविधता पार्क, जैव विविधता, मैंग्रोव नर्सरी, ग्रीन कैनोपी बनाने के लिए जैव विधियों को अपनाया

प्राप्त सहयोग

- निम्न से सहयोग/ अनुदान प्राप्त हुआ:
  - केंद्रीय वित्त आयोग
  - राज्य विकास निधि
  - मनरेगा
  - हरिता केरलम मिशन
  - KFRI, KUFOS आदि से तकनीकी सहायता
  - जल जीवन मिशन (JJM)

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- ग्राम स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति पंचायत गतिविधियों की निगरानी के लिए हर दो महीने में बैठक बुलाती है
- ग्राम स्तरीय कार्य योजना का पालन किया जा रहा है
- जल संरक्षण पर जागरूकता के लिए उपयोग किए जाने वाले आईईसी (IEC) उपकरण
- लोगों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल सुनिश्चित करने के लिए जेजेएम (JJM) की शुरुआत की
- मनरेगा के माध्यम से तालाबों और जलवाहक निकायों को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं

फाल्मर्ग

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: तारथपोटा
जिला पंचायत: कुपवाड़ा संघ राज्य क्षेत्र: जम्मू और कश्मीर

जल पर्याप्त पंचायत

3rd PRIZE

प्रोफाइल / रूपरेखा:

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 239424
कुल गांव: 1
कुल जनसंख्या: 1171 (पुरुष: 595, महिलाएं: 576)
कुल परिवार: 112

प्रमुख उपलब्धियां

- पंचायत, जल शक्ति विभाग, महिला और अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधियों को सदस्यों के रूप में शामिल करते हुए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन
- जल जीवन मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर को नल से पानी का कनेक्शन प्रदान किया गया
- मिशन अमृत सरोवर के तहत तीन वर्षा जल संचयन टैंक बनाए गए और सिंचाई के लिए एक बांध का निर्माण किया गया
- हेचमर्ग में स्थित पेयजल टैंक का ज़मीनी जल परीक्षण और क्लोरीनीकरण साप्ताहिक आधार पर किया जाता है
- नियमित जागरूकता शिविरों के माध्यम से, लोगों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया जा रहा है

चुनौतियाँ

- पहाड़ी इलाका होने के कारण हेचमर्ग स्थित स्टोरेज टैंक से फालमर्ग तक जलापूर्ति पाइपों को बिछाना और उठाना मुश्किल कार्य था
- पंचायत के अधिक ऊंचाई वाले स्थान के कारण भूमिगत जल का इष्टतम उपयोग मुश्किल था
- लगभग 4-5 महीनों तक भारी बर्फबारी के कारण साल भर पोटेंबल पानी की पर्याप्त आपूर्ति करना बहुत मुश्किल हो गया

समाधान दृष्टिकोण

- ग्राम पानी समिति ने सक्रिय रूप से काम किया और नियमित अंतर-विभागीय बैठकों के साथ, चुनौतियों का सामना करने और निवासियों के सामने आने वाले मुद्दों का समाधान करने में मदद की

प्राप्त सहयोग

- ग्रामीण विकास विभागों और जल शक्ति विभागों से चुनौतियों का समाधान करने में सक्रिय प्राप्त सहयोग हुआ

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- पंचायत ने सतत जल पर्याप्त ग्राम पंचायत के लिए पानी बचाने, पानी का पुन: उपयोग करने और पानी की आवश्यकता को कम करने का संकल्प लिया है
- आम जनता और स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा

स्वच्छ और हरित पंचायत

एक जल पर्याप्त पंचायत वह है जो सुनिश्चित करती है:

- इसकी जैव विविधता का मानचित्रण और संरक्षण
- नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना और बढ़ावा देना

स्थानीय उद्देश्य और लक्ष्य :

- सभी घरों में ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों तक 100% पहुंच और इसके
- उपयोग को बढ़ावा देना
- जलाऊ लकड़ी का उपयोग कम करना
- खुले में शौच मुक्त+ स्थिति (ओडीएफ) प्राप्त करना
- वनीकरण
- जैव-विविधता रजिस्टरों का रखरखाव और इसकी निगरानी और संरक्षण

ग्राम पंचायतों की भूमिका:

- सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना
- सभी पात्र लाभार्थियों को व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आई.एच.एच.एल) प्रदान करना
- बिजली का कुशल वितरण
- प्रभावी तरल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली तैयार करना
- स्थानीय जल संसाधनों का दोहन/ इस्तेमाल
- वनों, जल निकायों और पवित्र उपवनों सहित प्राकृतिक संसाधनों का समुदाय आधारित प्रबंधन
- अधिक ढलान वाले क्षेत्रों में, सड़कों के किनारे और बंजर और अन्य सामान्य भूमि में प्राकृतिक वनस्पति का रोपण
- जैविक खेती और टिकाऊ/ निरंतर मछली पकड़ने को बढ़ावा देना
- मत्स्य पालन के लिए सामुदायिक तालाबों को प्रोत्साहित करना
- प्राकृतिक संरक्षण की बहाली के लिए गठित स्थायी समिति/कार्य समिति को अधिकार देना
- सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक

कुंडल

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: पालुस
जिला पंचायत: सांगली राज्य: महाराष्ट्र

स्वच्छ और हरित पंचायत

1st PRIZE

प्रोफाइल / रूपरेखा:

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 188735
कुल गाँव: 1
कुल जनसंख्या : 18287 (पुरुष : 9432, महिलाएं: 8855)
कुल परिवार: 3835
कुल गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवार: 3835
कुल सोलर लाइट: 35

प्रमुख उपलब्धियां

- कुंडल ग्राम पंचायत को नवाचारी कार्यों के साथ ग्रीन-क्लीन परिसर कहा जाता है, और इसने 3835 घरों और सरकारी और अर्ध सरकारी भवनों के लिए 100% ठोस और अपशिष्ट प्रबंधन प्रदान किया है
- ग्राम पंचायत और समुदाय के सदस्यों के ठोस प्रयासों के कारण, एक ग्रे वाटर मैनेजमेंट सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है, यह ग्रे वाटर के 100% उपचार को सुनिश्चित करता है
- गांव में बारिश के पानी का संग्रहण कर पानी की कमी को दूर करने के लिए रूफ टॉप टैंक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू किया गया है
- 100% घरेलू बिजली में एलईडी लाइट का उपयोग। जीपी ने डब्ल्यूटीपी प्लांट स्थापित किया है और सभी घरों में स्वच्छ पानी उपलब्ध करा रही है
- ग्राम पंचायत में वन्य जीवन और पौधों के वनीकरण और संरक्षण के लिए लगभग 4000 पेड़ लगाए गए हैं और सामाजिक वानिकी के माध्यम से हरित क्षेत्र में वृद्धि की गई है

चुनौतियाँ

- स्वच्छता और पर्यावरण के बारे में निवासियों के बीच जागरूकता, सौर ऊर्जा का अधिक उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन आदि

समाधान दृष्टिकोण

- ग्राम स्वच्छता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस गाडगेबाबा अभियान का नाम एक प्रख्यात संत के नाम पर रखा गया
- डोर टू डोर अभियान, सोशल मीडिया आदि जैसे विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से समुदाय तक पहुंचा और उन्हें स्वच्छ और हरित गांव बनाने के लिए आश्वस्त किया

प्राप्त सहयोग

- महाराष्ट्र सरकार और केंद्र सरकार के सरकारी विभागों (15वें वित्त आयोग, मनरेगा आदि) से पर्याप्त धनराशि
- निजी संस्थाओं से भी सहयोग प्राप्त हुआ तथा पंचायत ने स्वयं के राजस्व स्रोतों से अर्जित 71,58,247/- रु

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- प्लास्टिक रिसाइक्लिंग पर काम कर प्रदूषण कम करना और उससे राजस्व प्राप्त करना
- समितियों के माध्यम से सतत निगरानी और हितधारकों का प्रशिक्षण ताकि स्थिरता बनी रहे

स्यासन अंबागम

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: हिंजलीकट
जिला पंचायत: गंजम राज्य: ओडिशा

स्वच्छ और हरित पंचायत

2nd PRIZE

प्रोफाइल / रूपरेखा:

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 117782
कुल गाँव: 2
कुल जनसंख्या : 5244 (पुरुष : 2508, महिलाएं: 2736)
कुल परिवार: 1207
कुल गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवार: 514
कुल सोलर लाइट: 6

प्रमुख उपलब्धियां

- एक व्यापक योजना के माध्यम से उपयुक्त ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन जिसमें दैनिक आधार पर डोर टू डोर कचरा संग्रह शामिल है, सामुदायिक खाद प्रबंधन (MCC) और ग्रामीण खेती के प्रबंधन (MRF) के माध्यम से कचरे का पृथक्करण और पुनर्चक्रण शामिल है ताकि ग्राम पंचायत को स्वच्छ और स्वच्छ बनाया जा सके
- ग्राम स्वच्छता समिति द्वारा नियमित सफाई अभियान चलाया जा रहा है
- एमसीसी/एमआरएफ, कम्युनिटी कम्पोस्ट पिट, इंस्टीट्यूशन कम्पोस्ट पिट आदि जैसी संसाधनों का निर्माण
- वन्य जीवन और पौधों के संरक्षण और सामाजिक वानिकी के माध्यम से हरित क्षेत्र में वृद्धि के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण गतिविधियां शुरू की गई है
- लघु सिंचाई के लिए ऊर्जा कुशल सोर पंपों की स्थापना
- वनों, जल निकायों और पवित्र उपवनो सहित प्राकृतिक संसाधनों का समुदाय आधारित प्रबंधन

चुनौतियाँ

- घरेलू अपशिष्ट उत्पाद के पृथक्करण में जागरूकता का अभाव
- घरेलू कचरे के उचित उपचार के संबंध में ग्रामीणों को शिक्षित और प्रेरित करना

समाधान दृष्टिकोण

- सामुदायिक खाद प्रबंधन (MCC) और ग्रामीण खेती के प्रबंधन (MRF) में बाद में उपचार/ परिशोधन के लिए ग्रामीणों को अपने घरेलू कचरे को डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों को सौंपने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आईईसी गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की गई
- ग्राम पंचायत ग्रीन बनाने के लिए मनरेगा के माध्यम से बड़े पैमाने पर एवेन्यू वृक्षारोपण, तटबंध वृक्षारोपण और वनीकरण परियोजनाएं शुरू की गई

प्राप्त सहयोग

- स्वच्छता योजना संबंधी गतिविधियों से संबंधित सरकारी योजनाओं को लागू करने के लिए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति ने बेहतर प्रबंधन के लिए कई बैठकें आयोजित कीं
- ग्राम पंचायत के स्वयं के राजस्व के स्रोत (करों/किरायों आदि से प्राप्त) से ग्राम पंचायत को स्वच्छ और हरित बनाए रखने के लिए 3,42,084/- रुपये की राशि खर्च की गई

सततता (Sustainability) के लिए रोडमैप

- बायो-गैस प्रणालियों का निर्माण और उपयोग
- घरों और सार्वजनिक स्थानों में सौर ऊर्जा का उपयोग
- अधिक ढलान वाले क्षेत्रों, बंजर और अन्य सामान्य भूमि और सड़कों के किनारे प्राकृतिक वनस्पति का रोपण

सुल्तानपुर

ग्राम पंचायत
पंचायत समिति: एलिगेड
जिला पंचायत: पेद्दापल्ली राज्य: तेलंगाना

स्वच्छ और हरित पंचायत

3rd PRIZE

प्रोफाइल / रूपरेखा:

स्थानीय सरकार निर्देशिका (Local Government Directory) कोड: 201112
कुल गाँव: 1
कुल जनसंख्या : 3467 (पुरुष : 1704, महिलाएं: 1763)
कुल परिवार: 728
कुल गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवार: 42
कुल सौर रोशनी: 11

प्रमुख उपलब्धियां

- पृथक्करण शेड का निर्माण किया गया है। कंपोस्ट तैयार करने के लिए गीले कचरे का अच्छी तरह से उपयोग किया जाता है।
- हरियाली फैलाने/ बढ़ाने के लिए करीब 50,000 पौधे रोपे गए
- ग्राम पंचायत को स्वच्छ और हरित बनाए रखने के लिए ग्रामीणों के बीच जिम्मेदारी की भावना को आत्मसात किया है। जीपी ने अपने प्रत्येक घर में 6 पौधे वितरित किए हैं
- हर घर में आईएचएचएल (IHHL), किचन गार्डन और अच्छी तरह से बनाए गए सोख्ता गड्ढे (Soak Pits) हैं जिससे ग्राम पंचायत को 100% ओडीएफ का दर्जा हासिल करने में मदद मिली
- सभी प्रकार के पानी को रिसोर्स करने के लिए सामुदायिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया जाता है।
- ग्रे वाटर/ धूसर जल को सिंचाई के उद्देश्य से संरक्षित गड्ढों में संरक्षित और शुद्ध किया जाता है

चुनौतियाँ

- अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों के प्रति निवासियों के बीच सहयोग और जागरूकता का अभाव
- टिकाऊ गतिविधियों को लागू करने के लिए सीमित संसाधन और धन
- जैविक खेती पद्धतियों को अपनाने के लिए किसानों का विरोध

समाधान दृष्टिकोण

- स्थायी कार्यों को सम्पेन्नर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए
- लोगों को मनरेगा कार्य करने के लिए प्रेरित किया
- पौधों को संरक्षित करने के लिए चट्टानी मिट्टी के पौधों में वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग
- कूड़ा उठाने के लिए ट्रैक्टर व ट्राली की खरीद

प्राप्त सहयोग

- केंद्र सरकार और तेलंगाना सरकार ने स्थायी गतिविधियों को लागू करने के लिए वित्तीय सहायता और तकनीकी सहायता प्रदान की
- वीडब्ल्यूएससी, स्थायी समिति और जैव विविधता समिति की बैठक हुई और साथ में ग्राम पंचायत को स्वच्छ और हरित बनाने का संकल्प लिया गया

